
# तीन साथी

घनश्याम तिवारी
चित्र सौम्या मेनन



एकलव्य

मूल्य: ₹ 12.00



एक था हाथी।



उसकी दोस्त थी बकरी।




दोनों साथ-साथ जंगल जाते।



हाथी डाली झुकाता और बकरी पत्ती खाती।




एक दिन दोनों गए जंगल।



वहाँ एक तालाब दिखाई दिया।




वहाँ एक बेर का पेड़ था।



हाथी ने पेड़ हिलाया, बकरी जल्दी-जल्दी बेर खाने लगी।




तभी पेड़ पर से चिड़िया का एक बच्चा
पानी में गिरा।




बकरी उसे बचाने गई तो वह भी डूबने लगी।




हाथी ने दोनों को बाहर निकाला।



कुछ दिनों में चिड़िया का बच्चा बड़ा हो गया।



चिड़िया पेड़ पर और हाथी व बकरी पेड़ के नीचे रहते थे।



चिड़िया उड़कर पता लगाती कि कहाँ-कहाँ फल लगे हैं।



फिर, तीनों वहाँ जाते और खूब फल खाते।

प्रकाशक: एकलव्य फाउंडेशन जमनालाल बजाज परिसर जाटखेड़ी, भोपाल - 462 026 (मप्र) फोन: +91 755 297 7770-71-72 द्वारा प्रकाशित व भण्डारी प्रेस भोपाल से मुद्रित। मई 2023 (5000 प्रतियाँ)